क्वीक हील फाउंडेशन सृजन एक सोच ने किया मास एक्टिविटी का आयोजन

वैदिक भारत / सरोजिनी नगर
रिपोर्टर : अमित चावला

लखनऊ -14/02/2024 – इंटरनेट और डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग के साथ, साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए, [क्वीक हील फाउंडेशन] ने 'साइबर शिक्षा फार साइबर सुरक्षा' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर खतरों से बचाने और उन्हें सुरक्षित डिजिटल आदतों के प्रति जागरूक किया गया।आज लखनऊ के बंसल कालेज में मास एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 550 लोगों ने प्रतिभाग किया। इन सत्रों में साइबर हमलों से बचाव, पासवर्ड सुरक्षा, डेटा सुरक्षा, फ़िशिंग हमलों की पहचान और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। 'डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के लिए साइबर शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को साइबर अपराधों से बचाने के लिए सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में लखनऊ जनपद के 50 हजार बच्चों को साइबर फ्राड से बचने हेतु जागरूक किया गया। क्वीक हील फाउंडेशन से अजय सिरके जी, एवं सुगंधा जी ने बताया कि इस के तकनीकी युग में सभी के लिए साइबर जागरूकता बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर डायरेक्टर एसके अग्रवाल,सी. एल.पी गुप्ता,एस.के मौर्य,समीर अवस्थी, अभिषेक कुमार सक्सेना, सृजन एक सोच से ओम प्रजापति, आशीष कुशवाहा, मनीष कुमार, राज गुप्ता, एवं अतिथि एडवोकेट नामिका मौर्य उपस्थित रही।